# महिला कांग्रेस ने डीजल-पेट्रोल, सीएनजी के बढ़े दामों के खिलाफ किया प्रदर्शन



**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 17 मई।** जिला दतिया में महिलाओं का मजबूत संगठन तैयार करना एवं महिला अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष करते हुए भाजपा की महिला विरोधी नीतियों का विरोध करना है और जो डीजल पेट्रोल एवं गैस के दाम बढ़ने से आम जनता गरीब किसान एवं महिलाओं के ऊपर महंगाई का बोझ भाजपा सरकार ने डाला है इसका विरोध करते हैं। उक्त बात रविवार को सर्किट हाउस में महिला कांग्रेस की प्रभारी डॉ. रचना शेर सिंह ने दतिया जिले की आम समस्याओं पर चर्चा करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि बिजली पानी और अस्पताल में जो अव्यवस्था फैली हुई है इसके बाद महिला कांग्रेस के साथ मिलकर पेट्रोल पंप पर डीजल पेट्रोल एवं सीएनजी के बढ़े हुए दामों के विरुद्ध प्रदर्शन किया। उन्होंने महिला कांग्रेस दतिया की मीटिंग ली गई जिसमें महिला सशक्तिकरण एवं महिला संगठन पर चर्चा की गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अशोक दांगी शहर अध्यक्ष अजय शुक्ला, जिला संगठन महासचिव नरेंद्र गुर्जर, पूर्व संगठन मंत्री सुरेश झा, जिला मीडिया प्रभारी अशोक श्रीवास्तव सहित महिला कांग्रेस की बहुत सी महिला कार्यकर्ता उपस्थित रही।

# उपचुनाव की आहट, राजनैतिक दलों ने तेज की तैयारियां

## पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के सामने कांग्रेस किस पर लगाएगी दांव











**-रमाकांत मिश्रा**

**दतिया, 17 मई।** दतिया विधानसभा 22 में उपचुनाव कि तैयारियां ज़ोर पकड़ रहीं हैं भाजपा के पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा दतिया में रहकर कार्य कर रहें हैं पिछले एक सप्ताह के अंदर बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया हैं भाजपा के कार्यकर्ता उपचुनाव कि तैयारियों में जुट गए हैं जिसके तहत वार्डों में बैठकों का दौर चल रहा है।

**कांग्रेस से यह हैं टिकट के दावेदार**

**अवधेश नायक**

कांग्रेस उपचुनाव में वरिष्ठ कांग्रेस नेता अवधेश नायक पर दाव लगा सकती हैं इसके पीछे जातिगत समीकरण है अवधेश नायक ब्राह्मण समाज से आते हैं और दतिया विधानसभा में ब्राह्मण वोटर निर्णायक भूमिका में हैं कांग्रेस नेता अवधेश नायक को उपचुनाव में टिकट मिलने की ज्यादा संभावना दिखाई पड़ रही है साथ ही वह टिकट के प्रबल दावेदारों में से एक है।

**कुं. घनश्याम सिंह**

कांग्रेस सेवढ़ा के पूर्व विधायक कु.घनश्याम सिंह पर भी दाव लगा सकतीं हैं यदि कांग्रेस कु.घनश्याम सिंह पर दाव लगाती हैं और टिकट देती हैं तो उपचुनाव का मुकाबला दिलचस्प हों सकता हैं।।

**अशोक दांगी,**
जिलाध्यक्ष कांग्रेस

कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अशोक दांगी भी कांग्रेस के टिकट के देवदारों में से एक है पिछले विधानसभा चुनाव में भी इन्होंने प्रयास किया था परंतु पार्टी ने टिकट नहीं दिया इस बार है अपना प्रयास करेंगे कि उनको उपचुनाव में टिकट मिले।

**दामोदर सिंह यादव किसका बिगाड़ेंगे खेल**

आजाद समाज पार्टी के नेता दामोदर सिंह यादव ने दतिया विधानसभा में होने वाले उपचुनाव में उतरने कि घोषणा कर दी उनके चुनाव मैदान में उतरने कि घोषणा करते ही भाजपा कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के जातिगत समीकरण गड़बड़ा गए हैं पिछले विधानसभा चुनाव में वह सेवढ़ा विधानसभा से चुनाव लड़े थे जिसका फ़ायदा भाजपा को था और कांग्रेस प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा था वह उपचुनाव में अपनी जीत का दावा कर रहें हैं या दोनों पार्टियों का समीकरण बिगाड़ेंगे।

**पूर्व विधायक भारती का हाईकोर्ट में लंबित है मामला**

दतिया के पूर्व विधायक राजेंद्र भारती का मामला हाईकोर्ट में लंबित है 26 मई को उनके मामले कि सुनवाई होना हैं सब कि निगाहें 26 मई को होने वाली सुनवाई पर भी टिकीं हुई हैं।

# नगर परिषद में पदस्थ सहायक वर्ग-1 शिवशंकर जाटव निलंबित

**नवभारत न्यूज**

**इन्दरगढ़, 17 मई।** नगर परिषद आलमपुर (भिण्ड) में सहायक वर्ग - 1 के पद पर पदस्थी के दौरान संबल योजना में हेर फेर कर करोड़ों रुपयों परिजनों तथा अपने चहेतों के बैंक खातों में स्थानांतरित कर मूल हितग्राहियों के साग ठगी कर शासकीय राशि का दुरुपयोग किया जाकर राजस्व को हानि पंहुचाई है। परिणामत: 14 मई 2026 में शिवशंकर जाटव को नगर पालिका अधिकारी इन्दरगढ़ ने निलंबित कर दिया है। निलंबन काल में उनका मुख्यालय जिला शहरी विकास अभिकरण दतिया रहेगा।

निलंबन आदेश में उल्लेख है कि शिवशंकर जाटव (उच्च श्रेणी लिपिक) के विरुद्ध थाना आलमपुर में अपराध क्रमांक 65/2023 धारा 409, 423, 406, 34 में पंजीवद्ध होने से 30 अगस्त 2023 से अनुपस्थित रहने तथा 24 अप्रैल 25 से 18 अगस्त 2025 तक लहार (भिण्ड) जेल में निरुद्ध रहे, तथा इनके विरुद्ध थाना दबोह (भिण्ड) के अपराध क्रमांक 54/2024 धारा 409, 420, 34 भादवि, इजाफा धारा 201 धारा 13 (2) भ्रष्टाचार अधिनियम का दर्ज होने के चलते मप्रनपा कर्मचारी (भर्ती तथा सेवा शर्तो) नियम 1968 के नियम 53 (2) (3) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

निलंबन काल में शिवशंकर जाटव का मुख्यालय जिला शहरी विकास अभिकरण दतिया रहेगा। याद रहे सहायक वर्ग-1 शिवशंकर जाटव जमानत पर छूटकर आने के वाद नगर परिषद इन्दरगढ़ में स्वच्छता प्रभारी की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। विभागीय जाँच में दोषी पाये जाने के चलते उन्हें निलंबित किया गया है।

# शिवोहम धाम पर प्रति मंगलवार जुट रहे हजारों श्रद्धालु

## दैहिक देविक एवं भौतिक तापों से पा रहे छुटकारा



**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 17 मई।** भांडेर तहसील मुख्यालय से दबोह भांडेर मार्ग पर करीब 05 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम बागपुरा में स्थित शिवोहम धाम पर होने वाले चमत्कारों की चर्चा धीरे-धीरे क्षेत्र सहित अन्य राज्यों तक पहुंच गई है। यहां पर स्थित श्री हनुमान जी महाराज एवं संन्यासी बाबा की कृपा से प्रति मंगलवार को क्षेत्र, प्रदेश एवं अन्य राज्यों से आए, हजारों श्रद्धालु दैहिक देविक एवं भौतिक तापों से अर्जी लगा कर अपनी जटिल से जटिल समस्याओं से छुटकारा पा रहे हैं।

यूं तो दतिया में विराजमान श्री पीतांबरा माई की धार्मिक नगरी मिनी वृंदावन धाम के नाम से विख्यात है। इसी जिले में धार्मिक स्थलों में श्री रतनगढ़ माता मंदिर, सेवढ़ा में सनत सनंदन सनत कुमार की तपोस्थली, खेरी वाली माता, गुप्तेश्वर महादेव, पण्डोखर सरकार धाम, श्री रामगढ़ वाली माता सहित अनेक धार्मिक रमणीक एवं दार्शनिक स्थान है। अब बागपुरा गांव के शिवोहम धाम के चमत्कारों की चर्चा भी श्रद्धालुओं में व्याप्त है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाघपुरा गाँव में एक छोटा सा मंदिर है इस मंदिर को शिवोहम धाम के नाम से जाना जाता है। ग्रामीणों और धाम पर आने वाले श्रद्धालुओं की मानें तो यहां पर विराजमान हनुमान जी महाराज एवं श्री 1008 श्री सन्यासी बाबा की कृपा से बड़ी बड़ी समस्याओं से संघर्ष कर रहे लोगों को समस्याओं से छुटकारा मिलता है और लोगों के बिगड़े काम बनते है।

बागपुरा गांव में आस्था का अखंड मेला लगता है इस मेले में भारत के कई राज्यों से श्रद्धालू अपनी-अपनी समस्याओं और मनोकामनाओं को लेकर पहुंचते हैं और बड़ी से बड़ी बीमारियों से ग्रसित लोगों को बीमारियां मात्र यहां मंदिर में विराजमान हनुमान जी महाराज एवं 1008 श्री सन्यासी बाबा के दर्शन मात्र से बीमारियों से छुटकारा मिल जाता है।

ग्रामीण और श्रद्धालु बताते हैं कि यहां पर किसी प्रकार की आँखों की समस्या हो तो आखों में मात्र जल डालने से वह समस्या खत्म हो जाता है। बताया गया है कि किसी महिला को पुत्र रत्न की प्राप्ति नहीं हुई है तो धाम के गुरु जी द्वारा नि:शुल्क दबा दी जाती है। इस दबा के प्रभाव से महिलाओं की गोद भर जाती है। वहीं कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के लिए भी गुरुजी द्वारा दबा दी जाती है इस दबा के प्रभाव और सन्यासी बाबा के आशीर्वाद से कैंसर जैसी बीमारी से भक्तों को निजात मिलती है।

धाम परिसर में आने वाले भक्तों को भूत, प्रेत बाधा से भी मुक्ति मिलती है इसके कई प्रमाण देखने को मिले हैं। आपको बता दें कि हर मंगलवार को गुरुजी द्वारा धाम में दरबार लगाया जाता है दरबार में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं और अपनी समस्याओं को लेकर अर्जी लगा कर लाभ पाते हैं। बागपुरा गांव में स्थित शिवोहम धाम पर दीपावली की पडवा को हर वर्ष विशेष दरवार लगता है इसमें हजारों की संख्या में देश के कई राज्यों से भक्त पहुंचते हैं इसी दिन धाम पर एक विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाता है इसमें आसपास और दूर दराज के हजारों भक्त भंडारा प्रसादी पाते हैं।

# मोदी की अपील का पालन करें : पिरोनिया



**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 17 मई।** हम सबको नरेन्द्र मोदी की अपील का पालन करना चाहिए। क्योंकि विश्व में चल रही अशांति और युद्ध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उर्जा संरक्षण और ईंधन बचत की अपील का इस माहौल से हमें सतर्क रहने की आवश्यकता है, हमें कम से कम फोर व्हीलर वाहन का उपयोग करना चाहिए, रेल, बस, और सार्वजनिक संसाधनों का उपयोग करते हुए पेट्रोल डीजल की बचत करना चाहिए। कम दूरी के लिए साइकलिंग करना चाहिए इसके करने से न केवल हमारा स्वास्थ्य भी ठीक होगा और वातावरण और पर्यावरण भी सही होगा। उक्त बात पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनिया ने ग्रामीणों से संपर्क के दौरान कही।

उन्होंने आगे कहा कि कोरोना काल में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दृढ़ इच्छाशक्ति से देश को विषम परिस्थितियों से उबारा था। इसके बाद बसवाह में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में पहुंचकर पूजन किया। कथा व्यास जयप्रकाश महाराज का सम्मान किया एवं इमिलिया, ककरौआ, करखड़ा, चरबरा, हसनपुर, अहरोनी, भलका आदि ग्रामों में पहुंचकर अनेक सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लिया। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस अवसर पर अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दो सैकड़ा कार्यकर्ताओं ने ली भाजपा की सदस्यता

## पूर्व जनपद सदस्य सहित कई ने भाजपा में शामिल



**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 17 मई।** रविवार को दतिया विधानसभा क्षेत्र के बड़ौनी नगर और ग्राम बिलोनी सिरोल, लिधौरा, जिगना, घूघसी हिडोरा, जोनाहर और कुमहेड़ी दो सैकड़ा कार्यकर्ताओं सहित पूर्व कांग्रेस जनप्रतिनिधियों ने भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से जुड़कर और पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के विकास कार्यों से प्रभावित होकर आज भाजपा में शामिल हुए।

पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा और भाजपा जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह कुशवाह ने माई कृपा निवास पर और बड़ौनी में भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को भाजपा की पट्टीका पहनाकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई कांग्रेस पार्टी छोड़ भाजपा की सदस्यता लेने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व जनपद सदस्य कांग्रेस नेता कल्ले गुर्जर, ज्ञान सिंह गुर्जर कांग्रेस नेता राममिलन डांगी संतोष शर्मा मंगल परिहर लाल सिंह यादव सज्जन पटेल भोले जोशी काका परिहार दीपक पुजारी जीतू शर्मा गोलू पाठक रेशू डांगी दारा सिंह यादव, बल्ली अहिरवार, जितेंद्र अहिरवार, शिवम अहिरवार, गणेश चौरसिया, दिनेश चौरसिया,राम प्रताप चौरसिया रोहित चौरसिया लवकुश रजक सहित दो सैकड़ा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली सदस्यता के दौरान भाजपा जिला महामंत्री अतुल भूरे चौधरी जिला मंत्री प्रवीण पाठक मंडल अध्यक्ष डॉ राजू त्यागी पुनीत टिलवानी मौजूद रहे।

## कड़ी मेहनत से समयसीमा में पूर्ण हो पाया कार्य : एसडीएम

**दतिया, 17 मई।** अनुभागीय अधिकारी लोकेंद्र सरल के मार्गदर्शन में जनगणना प्रथम चरण नगरीय निकाय की जा रही है। मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना समय सीमा में निष्ठापूर्ण, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ की गई। इस कार्य को समय सीमा में करने पर अनुविभागीय अधिकारी लोकेंद्र सरल द्वारा, धर्मेन्द्र कुमार अग्रवाल, संजीव श्रीवास्तव, संध्या सरवरिया, रंजना गुप्ता, एमपी सिंह बघेल मंजू गोस्वामी आदि प्रगणकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम श्री सरल ने कहा के आप लोगों की कड़ी मेहनत से यह कार्य समय सीमा के अंदर ही पूर्ण हो पाया है। इस दौरान जनगणना प्रभारी नगर पालिका जितेन शर्मा उपस्थित थे।

# आस्था के प्रतीक चांदनी तालाब का हो रहा पुनर्जन्म



**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 17 मई।** मध्य प्रदेश के दतिया जिले के विकासखंड भांडेर के अंतर्गत आने वाले सेक्टर सोहन का एक छोटा सा गाँव है 'चांदनी'। इस गाँव में एक ऐसा ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व का तालाब है, जिससे न केवल ग्रामीणों की आस्था जुड़ी है, बल्कि एक अनोखी मान्यता भी है। बुजुर्गों का कहना है कि इस तालाब के पानी में ऐसी चमत्कारी शक्ति है कि चर्म रोग (त्वचा की बीमारी) से पीड़ित कोई भी व्यक्ति यदि यहाँ श्रद्धा से स्नान कर ले, तो वह ठीक हो जाता है। लेकिन समय की मार और उपेक्षा के चलते, यह आस्था का केंद्र अपनी पहचान खो चुका था। पूरे गाँव की गंदगी, कचरा और नालियों का दूषित पानी इसी तालाब में मिल रहा था। पानी इतना सड़ चुका था कि वहाँ से गुजरने पर भी तीव्र दुर्गंध आती थी। जिस पानी को कभी जीवनदायी माना जाता था, वह खुद अपनी जिंदगी की भीख मांग रहा था।

चांदनी ग्राम के पंचायत भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के अधिकारी सुशील बरुआ संभागीय समन्वयक, मुनेंद्र शेजवार' जिला समन्वयक, शैलेन्द्र लिटोरिया विकास खण्ड समन्वयक, सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी और समिति के सदस्य उपस्थित हुए बैठक के दौरान जब जल स्रोतों को बचाने पर चर्चा शुरू हुई, तब ग्रामीणों ने भारी मन से इस ऐतिहासिक तालाब की दुर्दशा का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि किस तरह उनकी आस्था का यह केंद्र अब गंदगी के दलदल में तब्दील हो चुका है। बैठक में सर्वसम्मति से एक ऐतिहासिक निर्णय लिया गया कि, स्वयं के सहयोग से इस तालाब का कायाकल्प करेंगे। ग्रामीणों ने हाथों में फावड़े, तगाड़ी और टोकरियाँ थाम लीं। शुरुआती चुनौतियाँ तालाब में बरसों से जमा प्लास्टिक, गाद (कीचड़) और जलकुंभी को हटाना आसान नहीं था। पानी की दुर्गंध के बीच काम करना मुश्किल था, लगातार '10 दिनों की अटूट मेहनत, पसीने और सामूहिक प्रयासों' का परिणाम यह हुआ कि वह तालाब जो कभी बदबू मार रहा था, आज वह साफ सुंदर और स्वच्छ नजर आने लगा है। तालाब का पानी अब फिर से चमकने लगा है और इसके साथ ही ग्रामीणों के चेहरों पर भी आत्मसम्मान की चमक लौट आई है।

# बुखार आने पर तत्काल स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं : चउदा

**डेंगू दिवस पर ब्लॉक स्तरीय कार्यशालाओं का आयोजन**

**उनाव, 17 मई।** डेंगू दिवस के उपलक्ष्य में विकासखंड उनाव, भाण्डेर एवं इंदरगढ़ में ब्लॉक स्तरीय डेंगू कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिला मलेरिया अधिकारी दतिया डॉ. राहुल चउदा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के दौरान डेंगू रोग से बचाव, उसके लक्षणों की पहचान एवं समय पर उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित अधिकारियों द्वारा बताया गया कि डेंगू से बचाव हेतु घर एवं आसपास साफ-सफाई बनाए रखना, पानी का जमाव न होने देना तथा मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बुखार आने पर तत्काल स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं एवं चिकित्सकीय परामर्श अनुसार उपचार लें। साथ ही विभागीय कर्मचारियों को डेंगू नियंत्रण गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य डेंगू बीमारी के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना एवं समय रहते बचाव एवं उपचार सुनिश्चित करना रहा।




# सद्गुरु का ज्ञान आवश्यक है : निरंकारी

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 17 मई।** आज के इस भौतिक वादी युग मे इंसान अपनी सुख सुविधाओं के लिए सभी भौतिक पदार्थों की कामना रखता है और प्राप्त भी कर्ता है परन्तु इंसान को इस निरंकार परमात्मा का अनुभव व जानकारी या सद्गुरु का ज्ञान आवश्यक है।

उपरोक्त विचार झाँसी से आई बहिन ईश्वरी देवी निरंकारी ने व्यक्त किए, मौका था निरंकारी महिला संत समागम का जो की गत दिवस स्थानीय निरंकारी सत्संग भवन भांडेरी फाटक मार्ग मे आयोजित किया गया काफी संख्या मे निरंकारी बहिनों ने अपने विचार, कविताएं, सामूहिक भजन, कब्बाली आदि, प्रस्तुत किए। इस अवसर पर दतिया ट्रैफिक प्रभारी श्रीमती सपना शर्मा ने भी विशेष रूप से उपस्थित होकर निरंकारी महिला संत सम्मेलन मे अपने विचार प्रकट किये सत्संग का संचालन सुषमा प्रजापति ने किया तथा अंत मे सभी का आभार ब्रांच मुखी प्रीतम सिंह ने किया।



# नीट पेपर मामले को लेकर किया प्रदर्शन

**आगरमालवा 17 मई।** मध्य प्रदेश में नीट पेपर लीक मामले को लेकर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने शनिवार को आगरमालवा में नेहरू शासकीय महाविद्यालय के सामने हुए प्रदर्शन करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया और केंद्र सरकार एवं राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के खिलाफ प्रर्दशन किया. एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने 'छात्र विरोधी सरकार मुर्दाबाद', 'एनटीए बंद करो' और 'पेपर लीक बंद करो' जैसे नारे लगाए. इस दौरान क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल रहा और पुलिस बल भी तैनात किया गया था. स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास किया और पानी की बौछार का भी इस्तेमाल किया, बावजूद इसके कार्यकर्ता केन्द्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला दहन करने में सफल रहे. इस दौरान कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया. प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए एनएसयूआई के राष्ट्रीय महासचिव अंकुश भटनागर ने आरोप लगाया कि नीट पेपर लीक से देशभर के करीब 22 लाख छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है.

# रेत भरने गए ट्रैक्टर चालक की मौत

**इन्दरगढ़, 17 मई।** गोविन्द नगर सिंध नदी में रेत भरने गये ट्रैक्टर चालक की नहाते समय नदी में डूबने से मौत होने की जानकारी आई है। घटना थाना लाँच क्षेत्र की 16 मई सांयं समय की है। सूचना पर पंहुची पुलिस गोताखोरों की मदद से सुवह शव बरामद किया है। परिजनों ने हत्या की आशंका व्यक्त करते हुये इन्दरगढ़ बाजार में जाम लगाया जहां तहसीलदार सहित वरिष्ठ अधिकारियों की समझाईस पर न कि जाम खोला गया वल्कि मृतक का पीएम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द किया है।

# समाजसेविका मोतीराजा नागर का निधन

**दतिया, 17 मई।** बुंदेलखण्ड के प्रसिद्ध साहित्यकार एवं सहायक सैनानी डॉ. लोकेन्द्र सिंह नागर की धर्मपत्नी श्रीमती मोतीराजा नागर का लम्बी बीमारी के चलते निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार विगत दिनों भाण्डेर रोड मुक्तिधाम पर हुआ। रविवार को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिला साहित्य परिषद के तत्वावधान में शोकसभा का आयोजन पूर्व प्राचार्य कमलकांत शर्मा की अध्यक्षता में की गई। श्रद्धांजलि में सभी ने अपनी-अपनी बात रखी और 2 मिनट का मौन रखा गया। श्रद्धांजलि सभा में डॉ.आर.पी.गुप्ता, राधाकांत अग्रवाल, ओपी सक्सैना, डॉ.राजगोस्वामी, मंगल सिंह परमार, हरिकृष्ण हरि, विनोद मिश्रा, राकेश गोस्वामी, पूरनचन्द्र शर्मा, आशु शर्मा, सुंदरलाल श्रीवास्तव, बी.पी.सेन, जगत शर्मा, बृजमोहन झां, ओमप्रकाश विश्वदेवा, हरिहर शर्मा, महेश लाक्षाकार आदि उपस्थित रहे।

# भाविप ने रेल यात्रियों को पिलाया शीतल जल




**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 17 मई।** जहां एक ओर भीषण गर्मी लोगों का हाल बेहाल कर रही है, वहीं दूसरी ओर भारत विकास परिषद शाखा दतिया ने सेवा भाव का परिचय देते हुए रेल यात्रियों के लिए शीतल जल सेवा का आयोजन किया।

रविवार को परिषद के सदस्य दतिया रेलवे स्टेशन पहुंचे और प्लेटफार्म नंबर 1 व 2 पर यात्रा कर रहे सैकड़ों यात्रियों को ठंडा एवं शीतल जल वितरित कर राहत पहुंचाई। तेज धूप और उमस भरी गर्मी में जब यात्री प्यास से परेशान नजर आए, तब परिषद के सदस्यों ने मुस्कुराकर उन्हें शीतल जल पिलाया। अचानक मिली इस सेवा से यात्रियों के चेहरों पर राहत और संतोष दिखाई दिया। कई यात्रियों ने परिषद के इस मानवीय प्रयास की सराहना भी की। कार्यक्रम संयोजक रमेश इटौरिया ने बताया कि भारत विकास परिषद हमेशा सेवा कार्यों में अग्रणी रहती है और समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए निरंतर प्रयास करती है।

उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए यह सेवा प्रकल्प आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सह संयोजक महिला सहभागिता श्रीमती पिंकी यादव एवं श्रीमती बबीता नहार सहित परिषद परिवार के अनेक सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

सभी सदस्यों ने सेवा को ही सबसे बड़ा धर्म बताते हुए पूरे समर्पण के साथ यात्रियों की सेवा की। इस दौरान स्टेशन परिसर में सेवा, सहयोग और मानवता का भाव देखने को मिला।

# कई शहरों में तपिश भरी गर्मी से लोगों के हाल बेहाल

**भोपाल, 17 मई.** मध्य प्रदेश में गर्मी अब लोगों के लिए बड़ी परेशानी बनती जा रही है. प्रदेश के कई शहरों में तापमान 45 डिग्री के करीब पहुंच गया है और लू ने जनजीवन प्रभावित कर दिया है. सबसे ज्यादा गर्म खंडवा रहा, जहां पारा 45.1 डिग्री दर्ज किया गया.

मौसम विभाग ने प्रदेश के 37 जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी करते हुए अगले चार दिनों तक राहत नहीं मिलने की चेतावनी दी है. इंदौर, उज्जैन, रतलाम, धार और देवास में तीव्र लू को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. वहीं भोपाल, ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, हरदा, खरगोन और बड़वानी समेत कई जिलों में गर्म हवाएं लोगों को झुलसाएंगी. मौसम विभाग के अनुसार दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक हालात सबसे ज्यादा गंभीर रहेंगे. लोगों को सलाह दी गई है कि पर्याप्त पानी पीते रहें, हल्के सूती कपड़े पहनें और दोपहर के समय धूप में निकलने से बचें. खासकर बच्चों और बुजुर्गों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है.

# एमडी व डोडाचूरा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**मंदसौर.** गरोठ थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एमडी ड्रग एवं डोडाचूरा जब्त किया है. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता कुरिल तथा एसडीओपी विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बलवीर सिंह यादव के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई. जस्साखेड़ी फंटा खड़ावदा-गरोठ रोड स्थित यात्री प्रतीक्षालय के पास एक युवक मादक पदार्थ लेकर खड़ा है.